# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला बीजापुर (छ.ग.)

**Phone no. 07853220264** **e-mail:- cmhobijapur264@gmail.com**

क्रमांक / I/61044/2026 / मु.चि.अ. / DMF / ............ बीजापुर, दिनांक 01 / 01 / 2026

## // विज्ञापन //

कलेक्टर महोदय, जिला बीजापुर से प्राप्त अनुमोदन दिनांक 15-12-2025 के परिपालन में जिला खनिज संस्थान न्यास निधी (डी.एम.एफ.) मद से स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत् संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में वित्तीय वर्ष 2025–26 (मार्च 2026 तक) के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालन हेतु शासन द्वारा स्वीकृत निम्नानुसार रिक्त पदों के विरूद्ध कलेक्टर दर (89 कार्य दिवस) पर स्थानीय भर्ती की जावेगी। आवश्यक अर्हता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवारों का पदनाम के सम्मुख दर्शित तिथि को **Walk in Interview** आयोजित किया जाता है। अतः इच्छुक अर्हताधारी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को वांछित समस्त दस्तावेजों के साथ अद्योलिखित समय पर **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर** में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है।

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | एकमुश्त वेतनमान (कलेक्टर दर) | शैक्षणिक योग्यता | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टॉफ नर्स | 14 | 12866 | BSc. Nursing or GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 12/01/2026 |
| 2 | फार्मासिस्ट | 10 | 12866 | Degree or Diploma in Pharmacy & Registration in CG Pharmacy Registration Council | 14/01/2026 |
| 3 | लैब टेक्निशियन | 4 | 12866 | DMLT or BMLT Course with Registration in C.G. Paramedical Registration Council | 15/01/2026 |
| 4 | ड्रेसर | 2 | 12086 | 01 Years Dresing Diploma & Registration in CG Paramedical Registration Council | |
| 5 | कॉल सेंटर ऑपरेटर | 3 | 11306 | 12th Passed & Knowledge of Gondi, Halbi Language | 16/01/2026 |
| कुल रिक्त पदों का योगः– | | 33 | | | |

**चयन प्रकिया के सबंध में आवश्यक दिशा–निर्देशः–**

1- यह पद पूर्णतः अस्थायी होगा, जो कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डी.एम.एफ. मद अंतर्गत् की जा रही है।
2- भर्ती जिला खनिज न्यास निधी कलेक्टर दर पर मानव संसाधन की कमी की पूर्ति हेतु **बीजापुर जिला के स्थानीय योग्यताधारी** बेराजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना है।
3- प्रशासकीय कारणों के अधिसूचित रिक्तियों में घटाया बढ़ाया जा सकता है, या निरस्त किया जा सकता है।
4- उक्त पद हेतु मानदेय जिला खनिज न्यास निधि मद अन्तर्गत प्रावधानित वेतन एकमुश्त देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।
5- पदस्थापना नियुक्ति तिथि से आगामी 31 मार्च 2026 तक के लिए किया जावेगा स्थिति को देखते हुए आवश्यकतानुसार सेवा अवधि में वृद्धि की जा सकती है।
6- भर्ती की समस्त जानकारी जिला बीजापुर के वेबसाईट https://bijapur.gov.in/ तथा कार्यालय के सूचना पटल से जानकारी प्राप्त कर सकते है।
7- आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अंक सूची एवं अन्य दस्तावेज स्वयं के द्वारा स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य है।
8- अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन अमान्य कर निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबधितों को पृथक से नहीं दी जावेगी।

9- आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेंजों को अच्छी तरह से क्रमवार किया जावे तथा पृष्ठ क्रमांक अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र, 02 जाति, निवास प्रमाण पत्र, 04 शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, 05 अनुभव प्रमाण पत्र, 06 अन्य प्रमाण पत्र।)

10- **उम्मीद्वार की आयु 01.07.2025 की स्थिति में न्यूनतम वर्ष 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिये।**

11- चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

12- भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकारी चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

13- आवश्यक दस्तावेज–आवेदन करते समय निम्न अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न किया जावेः–

- 10वीं की अंकसूची (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु)।
- 12वीं की अंकसूची।
- निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्गों की अंकसूची/संबंधित डिग्री/ इंटर्नशीप प्रमाण पत्र।
- छ.ग. मेडिकल/पैरामेडिकल कॉउन्सिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र जिन पदों हेतु लागू है संलग्न करना अनिवार्य है।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैद्य **मूल निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य।**
- रोजगार जीवित पंजीयन।
- **बीजापुर जिला का स्थानीय निवासी होना चाहिए।**
- जीवनदीप समिति का अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा।
- अनुभव प्रमाण पत्र (आवेदित पद से संबंधित हो) केवल शासकीय संस्थाओं के ही मान्य होगें। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यार्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेगें।
- संबंधित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र यदि हो तो (अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने पर तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरान्त प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य किये जायेंगे। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंको की गणना नही की जावेगी।)
- नक्सल पिड़ित हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैद्य प्रमाण पत्र (इस आशय का प्रमाण पत्र कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, तहसीलदार से जारी प्रमाण पत्र को मान्य किया जावेगा)
- पहचान पत्र (आधार कार्ड)
- उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रस्तुत ना करने एवं परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरांत किसी भी प्रकार से दस्तावेजों के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।

**14- अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जायेगीः–**

a. स्टॉफ नर्स, लैब टेक्निशिन, फार्मासिस्ट, ड्रेसर अभ्यार्थियों के चयन का आधार निम्नानुसार होगा (अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक का 65 प्रतिशत अंक), अनुभव–अधिकतम 10 अंक प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से (पद से संबंधित अनुभव ही मान्य किये जावेंगे। अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक का 65 प्रतिशत अंक, अनुभव के 10 अंक, नक्सल पिडित होने पर 05 अंक एवं कौशल परीक्षा के 20 अंकों को जोड़कर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी। रिक्त पदों के 10 गुणा अभ्यार्थियों का कौशल परीक्षा लिया जावेगा।

b. कॉल सेंटर ऑपरेटर अभ्यार्थियों के चयन का आधार निम्नानुसार होगा (अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक का 55 प्रतिशत अंक, कौशल परीक्षा भाषा संबंधी का 40 अंक, नक्सल पिडित होने पर 05 अंकों को जोड़कर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी। कॉल सेंटर ऑपरेटर हेतु रिक्त पदों के 20 गुणा अभ्यार्थियों का कौशल परीक्षा लिया जावेगा।

15- चयन उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व समस्त मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

16- अभ्यार्थियों को भर्ती से संबंधित जानकारी हेतु समय–समय पर https://bijapur.gov.in/ का अवलोकन करें इसके अलावा अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत सूचना नही दी जावेगी। अभ्यर्थी से अपेक्षा है कि समय–समय पर वेबसाइट का अवलोकन करें।

17- उक्त पदों पर नियुक्त कर्मचारी का वार्षिक कार्यमूल्यांकन नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

18- उक्त पद के लिये प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से 02 वर्ष तक होगी। इस समयावधि में त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों की पूर्ति भी इसी प्रतीक्षा सूची से की जा सकेगी। उक्त वैधता सूची में आवश्यकतानुसार वृद्वि की जा सकती है।

19- चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थिति होने के पश्चात् किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार किसी अभ्यार्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पूर्व सूचना अथवा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जायेगा।।

**पदों पर भर्ती हेतु समय सारणी :–**

| क्र. | पदनाम | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक | आवेदन पंजीयन | दस्तावेज सत्यापन | प्रारंभिक पात्र/अपात्र सूची प्रकाशन | दावा आपत्ति | दावा आपत्ति निराकरण पश्चात वरीयता सूची का प्रकाशन | दावा आपत्ति निराकरण पश्चात वरीयता सूची के 10 गुणा अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा (कॉल सेंटर ऑपरेटर का 20 गुणा अभ्यार्थियों का कौशल परीक्षा) | कौशल परीक्षा पश्चात अंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टॉफ नर्स | 12-01-2026 | प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक | 11:00 बजे से | 12:30 बजे | 12:30 से 01:00 बजे तक | 02:00 बजे | 03:00 बजे से | अंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन वॉक इन इंटरव्यू के दिन अथवा जिला बीजापुर के वेबसाईट में देख सकते हैं। |
| 2 | फार्मासिस्ट | 14-01-2026 | | | | | | | |
| 3 | लैब टेक्निशियन | 15-01-2026 | | | | | | | |
| 4 | ड्रेसर | | | | | | | | |
| 5 | कॉल सेंटर ऑपरेटर | 16-01-2026 | | | | | | | |

Digitally signed by BUDHRAM PUJARI
Date: 01-01-2026 11:45:02

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–बीजापुर (छ.ग.)



File No. ESTB/7226/2025-HEALTH BJP DATA E DEPT (Computer No. 81577)
Generated from eOffice by SURAJ KUMAR UPPAL, CO(BJP)-19, COMPUTER OPERATOR(BJP), DISTRICT BIJAPUR on 01/01/2026 12:02 pm

# आवेदन पत्र

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बीजापुर (छ.ग.)

स्व
हस्ताक्षरित
फोटो

आवेदित पद का नाम :- ..............................................................

1- आवेदक का नाम (हिन्दी में) :- ..............................................................

(अंग्रेजी में) :- ..............................................................

2- पिता/पति का नाम :- ..............................................................

3- जन्म तिथि :- वर्ष.............................माह.............................दिन.............................

शब्दों में :- ..............................................................

4- आयु दिनांक (01.07.2025) की स्थिति में ..............................................................

5- स्थायी पता :- ..............................................................

..............................................................

6- पत्र व्यवहार का पता एवं मो. न. :- ..............................................................

..............................................................

..............................................................

7- क्या आवेदक बीजापुर जिले का मूल निवासी है:..............................................................

यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

8- क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण थाने/न्यायालय में अनुसंधान/विचारण हेतु लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें :..................

..............................................................

9- शैक्षणिक योग्यता (स्वयं सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें) :-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड /विश्व विद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | पूर्णाक/प्राप्तांक | प्रतिशत् |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |



File No. ESTB/7226/2025-HEALTH BJP DATA E DEPT (Computer No. 81577)
Generated from eOffice by SURAJ KUMAR UPPAL, CO(BJP)-19, COMPUTER OPERATOR(BJP), DISTRICT BIJAPUR on 01/01/2026 12:02 pm

10- अनुभव /विशेष योग्यताएं :– ..........................................................................................

11- संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों की सूची :–

1................................................................................ 2................................................................................

3................................................................................ 4................................................................................

5................................................................................ 6................................................................................

7................................................................................ 8................................................................................

9................................................................................ 10..............................................................................

11.............................................................................. 12..............................................................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

पूरा नाम..........................................

––::घोषणा::––

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण सही है। यदि उपर्युक्त विवरण का कोई अंश असत्य पाया जाता है, तो नियुक्ति के पश्चात् भी सक्षम अधिकारी द्वारा मेरी उम्मीदवारी निरस्त किये जाने/सेवा समाप्त किये जाने अथवा किसी भी दण्ड, जो वह उचित समक्षे के लिये मैं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

**स्थान :–** ............................... **पूरा नाम : –**...................................................

**दिनांकः–** ............................... **मो.नं. : –**...................................................